# बस्तर विश्वविद्यालय,जगदलपुर

## (धरमपुरा) जिला–बस्तर (छ0ग0) पिन–494001

exambastar@gmail.com Phone no. - 07782-229884 (हेल्प लाईन नं.)


क्रमांक/ 858 /परीक्षा/गोपनीय/2021 जगदलपुर, दिनांक 30/01/2021

## //अधिसूचना//

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम, बी.सी.ए., बी.एच.एस.सी., भाग–01,02,03, के मुख्य परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् लॉकडाउन के पूर्व आयोजित परीक्षाओं में पूरक की पात्रता रखने वाले तथा स्नातक स्तर (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम, बी.सी.ए., बी.एच.एस.सी., भाग–01,02,03,) एंव स्नातकोत्तर स्तर के अमहाविद्यालयीन कक्षा पूर्व/अंतिम की परीक्षा में लॉकडाउन के पश्चात् असाइनमेंट पद्वति से परीक्षा में शामिल ऐसे परीक्षार्थी जो अपने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट हैं तथा विशेष परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक हैं, उनके लिए विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.bvvjdpexam.in के माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है:–

| . | आवेदन विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा पूरक/विशेष परीक्षा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि। | दिनांक 01.02.2021 से 08.02.2021 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा भरे हुये ऑनलाईन पूरक/विशेष परीक्षा आवेदन को सबंधित महाविद्यालयों में जॉच (Verify) कराने की तिथि। | दिनांक 01.02.2021 से 10.02.2021 तक |
| 03 | महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन किये गये पूरक/विशेष परीक्षा आवेदनों का (Verified Student) की सत्यापित सूची के साथ विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि। | दिनांक 11.02.2021 से 13.02.2021 तक |

**1. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पूरक/विशेष परीक्षा आवेदन करने की प्रक्रिया :–**

I. वार्षिक परीक्षा–2020 के स्नातक कक्षाओं में पूरक की पात्रता रखने वाले परीक्षार्थी सर्व प्रथम विश्वविद्यालय के वेबसाईड **www.bvvjdpexam.in** के माध्यम से **Apply for Supplementry** का चयन करने के पश्चात् **Student Login** में **User ID&Password Login** कर पूरक परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेगें।

II. वार्षिक परीक्षा–2020 के स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में विशेष परीक्षा की पात्रता रखने वाले परीक्षार्थी सर्व प्रथम विश्वविद्यालय के वेबसाईड **www.bvvjdpexam.in** के माध्यम से **Apply for Special Exam** का चयन करने के पश्चात् **Student Login** में **User ID&Password Login** कर विशेष परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेगें।

III. परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने के पश्चात् शुल्क का Option चुनाव कर डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाईन शुल्क जमा करेगें।

IV. पूरक/विशेष परीक्षा के लिए फीस का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् आवेदन का प्रिंटआउट (2 प्रति में) प्राप्त करें। एक प्रति अग्रेषण शुल्क की राशि रू. 30.00 (तीस रू. मात्र) के साथ महाविद्यालय में जमा करें तथा दूसरे प्रति में महाविद्यालय से पावती प्राप्त करेगें।

IV. यदि ऑनलाईन फार्म भरते समय किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो हेल्प लाईन नं. **07782-229884** पर सम्पर्क कर अपनी समस्या का निदान कर सकते हैं अथवा ई–मेल **exambastar@gmail.com** द्वारा अपनी समस्या का निदान कर सकते हैं।

**2. परीक्षा शुल्कः–** पूरक/विशेष परीक्षार्थियों से ली जाने वाली परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क. | कक्षा का नाम | विशेष परीक्षा शुल्क | पूरक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | B.A./B.Com- I,II, III | 1040 | 720 |
| 2 | B.Sc./B.H.Sc.-I,II,III | 1040 | 1000 |
| 3 | B.C.A. –I,II,III | 1960 | 1000 |
| 4 | M.A./M.Com./ M.Sc. Previous & Final | 1040 | |

## 3. शुल्क संबंधी आवश्यक निर्देशः–

I. परीक्षार्थी निर्धारित पूरक/विशेष परीक्षा शुल्क–अधिसूचित भारतीय बैंक के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान कर सकेंगे। ऑनलाईन भुगतान करते समय अपने बैंक खाते का विवरण, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग का नम्बर/यूजर आईडी/पासवर्ड/पिन किसी भी अन्य व्यक्ति से साझा न करें। सुरक्षा, सर्तकता और गोपनीयता की जिम्मेदारी आपकी होगी ।

II. छात्र ने Fees का भुगतान कर दिया है और उसके अकांउट से निर्धारित शुल्क की राशि कट गई है एंव Transaction स्टेटस Pending दिखा रहा हो तो पुनः दोबारा पेमेंट न करें। पोर्टल में Transaction Complaint में जाकर ऑन लाईन भुगतान करते समय प्राप्त Transaction ID को दर्ज कर Try Settlement में Click करें।

III. पर्रीक्षार्थी परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन भुगतान सावधानी पूर्वक करें। एक से अधिक बार भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा। परीक्षा शुल्क भुगतान में समस्या हो तो हेल्पलाईन नम्बर 07782–229884 में सम्पर्क करें।

IV. परीक्षार्थी को यदि पूरक/विशेष परीक्षा की पात्रता नहीं है और वह किसी प्रकार से फार्म ऑनलाईन कर दिया हो तो उसका आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा उसकी जमा की गई फीस वापस नहीं होगी, अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें।

## 4. पूरक परीक्षा के लिए निर्देशः–

I. स्नातक स्तर के ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें सत्र 2019–20 की वार्षिक परीक्षा में पूरक की अर्हता प्राप्त है। वही परीक्षार्थी पूरक परीक्षा हेतु आवेदन करेगें तथा उन्ही विषयों/प्रश्नपत्रों/अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे जो वार्षिक परीक्षा 2020 की अंकसूची में दर्ज है, वे पूरक परीक्षा 2020 में पूरक परीक्षार्थी के रूप में शामिल होंगे।

II. परीक्षार्थी को यदि पूरक की पात्रता नहीं है और वह किसी प्रकार से फार्म ऑनलाईन कर दिया हो तो उसका आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा उसकी जमा की गई फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें।

III. परीक्षार्थियों को पात्रतानुसार पूरक अथवा विशेष परीक्षा में से किसी एक ही परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

## 5. विशेष परीक्षा के लिए निर्देशः–

I. स्नातक स्तर (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम, बी.सी.ए., बी.एच.एस.सी., भाग–01,02,03,) एंव स्नातकोत्तर स्तर के अमहाविद्यालयीन कक्षा पूर्व/अंतिम की परीक्षा में लॉकडाउन के पश्चात् असाइनमेंट पद्वति से परीक्षा में शामिल हुए है, वही परीक्षार्थी विशेष परीक्षा हेतु आवेदन करेगें तथा उन्ही विषयों/प्रश्नपत्रों/अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे जो वार्षिक परीक्षा 2020 की अंकसूची में दर्ज है।

II. परीक्षार्थी एक या एक से अधिक प्रश्नपत्रों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

III. परीक्षार्थी को यदि विशेष परीक्षा की पात्रता नहीं है और वह किसी प्रकार से फार्म ऑनलाईन कर दिया हो तो उसका आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा उसकी जमा की गई फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें।

## 6. महाविद्यालय के प्राचार्य ( अग्रेषणकर्ता अधिकारी ) के लिये निर्देश :–

1. परीक्षार्थी द्वारा जमा कराये गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के हार्ड कापी के साथ संलग्न अर्हतादायी कक्षा की अंकसूची की सत्यापित प्रति, आदि का परीक्षण करेगें तथा परीक्षार्थी जिस कक्षा के परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन आवेदन किया है उसके लिये पात्र है तथा उस कक्षा का अध्ययन/अध्यापन संबधित महाविद्यालय/ परीक्षा केन्द्र में हो रहा है तथा विश्वविद्यालय से उस पाठयक्रम का सम्बद्धता प्राप्त है।
2. प्रायोगिक विषय वाले अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन तभी अग्रेषित किये जावे जब परीक्षार्थियों ने महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा हेतु पंजीयन कराया है तथा 4 सप्ताह का प्रायोगिक कार्य पूर्ण किया है।
3. परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई शुल्क की राशि निर्धारित राशि अनुसार है का परीक्षण आवश्यक है।
4. पूरक/विशेष परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने के पश्चात् अग्रेषण शुल्क राशि रू. 30/–(रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र महाविद्यालय में जमा करेंगे।
5. विश्वविद्यालय के पोर्टल में College Login में प्राचार्य के User ID एवं Password Login कर नॉमिनल सूची की प्रति प्राप्त करेगें। जिसे महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन किये गये पूरक/विशेष परीक्षा आवेदनों का (Verified Student) की सत्यापित सूची विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।
6. अग्रेषणकर्ता अधिकारी अपात्र परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन की हार्ड कापी विश्वविद्यालय को अग्रेषित नहीं करेगें यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी भी परीक्षार्थी का पात्रता न होने पर भी हार्ड कापी विश्वविद्यालय को अग्रेषित कर दिया जाता है तथा उसे विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण उपरान्त आवेदन निरस्त कर दिया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
7. अग्रेषणकर्ता अधिकारी विश्वविद्यालय को इस आशय का अशेष प्रमाण पत्र देगें कि महाविद्यालय मे किसी भी परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन का हार्डकापी शेष नहीं हैं।

**(कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**आदेशानुसार**

सहा. कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/ 859 /परीक्षा/गोपनीय/2021 जगदलपुर, दिनांक 30/01/2021

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नया, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी द्वितीय तल, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)।
4. मान. कुलपति महोदय बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित कि वे अग्रेषणकर्ता, अधिकारी के लिए जारी निर्देश का पालन करते हुए परीक्षण कर आवेदन पत्र अग्रेषित करें।
6. समस्त विभाग, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
7. संपादक,नवभारत/दैनिकभास्कर/देशबंधु/हरिभूमि/नईदुनिया/हाईवेचैनल/दण्डकारण्य/प्रातः इण्डिया/महाकौशल/हिन्दसत्/पत्रिका को अनुरोध के साथ उक्त समाचार को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कारने का कष्ट करें।
8. सूचना पटल में चस्पा।

सहा.कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय)
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)